# मुख्यमंत्री भजनलाल ने सूरत में प्रवासी राजस्थानियों के साथ राउंड टेबल मीटिंग की

## मीटिंग में उद्यमियों ने विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में संयुक्त उद्यमों व निवेश के प्रति उत्साह दिखाया

सूरत/जयपुर, 8 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को गुजरात के सूरत में "प्रवासी राजस्थानी मीट" के तहत आयोजित सेक्टोरल राउंड टेबल मीटिंग की अध्यक्षता की। उन्होंने टेक्सटाइल, सिरेमिक, फार्मास्यूटिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स और रत्न एवं आभूषण उद्योग क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में निवेश को लेकर चर्चा की।

**■ मुख्यमंत्री भजनलाल ने विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों को भीलवाड़ा, जयपुर, बाँसवाड़ा, भिवाड़ी, नीमराना, अलवर तथा अन्य क्षेत्रों में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को सूरत में "प्रवासी राजस्थानी मीट" के तहत आयोजित सेक्टोरल राउंड टेबल मीटिंग में उद्योग क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में निवेश को लेकर चर्चा की।*

इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान के मजबूत औद्योगिक आधार, सुदृढ़ बुनियादी ढांचे, सुविधाएं और निवेशक-अनुकूल नीतियां प्रदेश को निवेश के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाती हैं। शर्मा ने टेक्सटाइल क्षेत्र के प्रतिनिधियों से कहा कि भारत के वस्त्र निर्यात में राजस्थान 10 प्रतिशत का योगदान देता है। उन्होंने उद्यमियों को भीलवाड़ा, जयपुर और बांसवाड़ा सहित राजस्थान के कपड़ा समूहों के साथ कार्य करने के लिए आमंत्रित किया।

शर्मा ने फार्मास्यूटिकल क्षेत्र के प्रतिनिधियों से कहा कि भिवाड़ी, नीमराना और अलवर के फार्मा क्लस्टर, समर्पित माल ढुलाई कॉरिडोर और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के जरिए निर्बाध कनेक्टिविटी से मजबूत हुए हैं। साथ ही, उन्होंने पचपदरा रिफाइनरी और राजस्थान पेट्रो जोन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश रसायन और पेट्रोकेमिकल्स के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने जयपुर के बुनियादी निर्यात ढांचे और सीतापुरा विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) पर भी प्रकाश डाला और उद्यमियों को रत्न और आभूषण उद्योग के साथ साझेदारी करने के लिए आमंत्रित किया।

शर्मा ने सूरत के उद्यमियों से "राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स)-2024" सहित राज्य की निवेशक-अनुकूल नीतियों के तहत, निवेश की संभावनाओं को तलाशने का आ ान किया। साथ ही, राउंड टेबल मीटिंग के दौरान, उद्योग प्रतिनिधियों ने भी प्रदेश के विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में संयुक्त उद्यमों और निवेश के अवसरों पर उत्साह प्रकट किया।

## एसआई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की एसएलपी पर 24 सितंबर के आदेश से हाईकोर्ट की खंडपीठ के 8 सितंबर के उस अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी थी। वहीं खंडपीठ को कहा था कि वह इस मामले में दायर अपीलों का निपटारा तीन महीने में करे। इसके अलावा यह भी स्पष्ट किया था कि खंडपीठ के समक्ष मूल अपीलों में अंतिम फैसला नहीं होने तक किसी भी चयनित अभ्यर्थी को ट्रेनिंग नहीं दी जाए।

## जैसे-जैसे चुनाव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

था। कई वर्षों के प्रयासों के बावजूद, भाजपा के कड़े विरोध के कारण टीएमसी त्रिपुरा में अपनी मजबूत पकड़ नहीं बना सकी।

दूसरी ओर, ममता बनर्जी ने इस समय चुनाव आयोग द्वारा की जा रही मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया पर सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य की स्थिति पर निशाना साध रहे हैं और इन घटनाओं से निपटने के लिए "विशेष कदम" उठाने की बात कर रहे हैं।

ममता बनर्जी ने कहा कि गृह मंत्री 2025 के चुनावों में व्यापक चुनावी जोड़-तोड़ के जरिए विपक्षी नेताओं को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने अमित शाह की तुलना "आधुनिक मीर जाफर" से की।

हाल के दिनों में अमित शाह लगातार हमलावर रुख में हैं। ममता बनर्जी को आशंका है कि अगर केन्द्र सरकार के प्रस्ताव मान लिए गए, तो उनका जनाधार प्रभावित हो सकता है।

## हाई कोर्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

याचिका में अधिवक्ता सुमन शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को राजस्थान विश्वविद्यालय का कर्मचारी होने के आधार पर विवि प्रशासन ने एक साल के लिए आवास आवंटित किया था। एक साल की अवधि पूरी होने के बाद उसे आवास खाली करने का नोटिस दिया गया और उस पर करीब डेढ लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि विवि प्रशासन की ओर से उसके साथ भेदभाव किया जा रहा है।

## अमित शाह ने स्वदेशी ईमेल का उपयोग शुरु किया

नयी दिल्ली, 08 अक्टूबर। गृह मंत्री अमित शाह ने आधिकारिक तौर पर अपने ईमेल संचार के लिए स्वदेशी ई मेल सॉफ्टवेयर सेवा ज़ोहो मेल का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

शाह ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में ज़ोहो मेल पर अपना नया ईमेल पता साझा किया और अनुरोध किया कि भविष्य में सभी पत्राचार इसी ई मेल पर किये जाएं।

**■ वे ज़ोहो मेल का उपयोग कर रहे हैं।**

उन्होंने कहा, "सभी को नमस्कार मैंने ज़ोहो मेल का उपयोग शुरू कर दिया है। कृपया मेरे ईमेल पते में हुए बदलाव पर ध्यान दें। मेरा नया ईमेल पता अमितशाह.बीजेपीजोहोमल.इन है।

उल्लेखनीय है कि ज़ोहो एक भारतीय बहुराष्ट्रीय तकनीकी कंपनी है जो क्लाउड-आधारित व्यावसायिक सॉफ़्टवेयर के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखती है। इसकी शुरूआत 1996 में श्रीधर वेम्बू और टोनी थॉमस ने की थी। ज़ोहो के प्रमुख मैसेजिंग ऐप अराटाई पर पिछले तीन दिन में नए साइन-अप में भारी वृद्धि देखी गई है, जो प्रतिदिन 3,000 से बढ़ कर 3,50,000 हो गई है। इसने ऐप को सोशल नेटवर्किंग श्रेणी में भारत में एप्पल ऐप स्टोर के शीर्ष पर पहुंचा दिया है।

## किताग़ावा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अवधारणाओं का एक ढाँचा भी शामिल है, जिसने इस पूरे क्षेत्र की स्थापना को आगे बढ़ाया है।

रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा हर साल रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट खोजों के लिए दस दिसंबर को दिया जाता है। नोबेल प्राप्त करने वाले वैज्ञानिकों को इनाम के तौर पर कुल 11 मिलियन स्वीडिश क्राउन (साढ़े आठ करोड़ रुपये) की राशि सम्मान के रूप में दी जाती है। अगर एक जैसी खोज के लिए एक से अधिक वैज्ञानिकों को भागीदारी में नोबेल प्राइज मिलता है तो इस स्थिति में पुरस्कार राशि को उनमें वितरित कर दिया जाता है।

## स्थानीय मान्यताएँ व इकोलॉजी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हाइपोथर्मिया के लक्षण दिखाई देने लगे।

अक्टूबर के चीनी त्योहारी मौसम के दौरान, भारी संख्या में पर्यटक हिमालय के पूर्वी ढलानों के ऊँचे हिस्सों में ट्रेकिंग करने निकले थे।

वहीं दूसरी तरफ, नेपाल में, बरसात शुरू होते ही पर्वतारोहण परमिट रोक दिया जाता है। नेपाल के लोग हिमालय के मौसम चक्र से परिचित हैं और सदियों पुरानी प्रथाओं का पालन करते हैं।

लेकिन चीनी अधिकारी हिमालय से अपरिचित हैं। बीजिंग से आए उच्च अधिकारी अपने एक समान विकास मॉडल को तिब्बत और पर्वतों पर भी लागू करने की कोशिश कर रहे थे और इसी के परिणामस्वरुप, यह विनाशकारी हादसा हुआ।

तिब्बत पर कब्जा करने और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में बड़ी संख्या में हान चीनी लोगों को लाने के बाद, चीनियों ने तिब्बत के नाज़ुक हिमालयी क्षेत्रों में भी उसी तरह का नासमझी भरा विकास करने की कोशिश की। मेनलैण्ड चीनी लोगों ने 16,000 फीट से ऊपर के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक पर्यटन सुविधाओं का निर्माण किया है।

नतीजा यह हुआ कि अनभिज्ञ लोग इन अति संवेदनशील और कठिन इलाक़ों में घुस गए, जिससे पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है। पर्वत इतने बड़े पैमाने पर पर्यटन का बोझ नहीं उठा पा रहे हैं, क्योंकि पर्यटक हर तरह की सुविधाओं की मांग करते हैं, ऐसे इलाके में, जहाँ पर वह सब उपलब्ध नहीं है।

हिमालय के ऊपरी हिस्से में वनस्पति नहीं है। यहाँ भारी बर्फ़बारी होती है और रात में तापमान माइनस 30 डिग्री तक गिर सकता है। तेज़ हवाएँ तापमान को और घटा देती हैं।

माउंट एवरेस्ट और हिमालय का मौसम चक्र अनोखा है। मानसून के महीनों में यहाँ बारिश होती है और मानसून के बादल भारतीय उपमहाद्वीप के कोने-कोने में छाए रहते हैं। मानसून हिमालय में बर्फीले तूफानों के रूप में फैलता है।

यह चेतावनी नई नहीं है। लगभग 100 साल पहले, 1920 के दशक में जब ब्रिटिश लोग एवरेस्ट पर चढ़ने की योजना बना रहे थे, तब भी विशेषज्ञों ने चिंता जताई थी कि इस क्षेत्र में बहुत अधिक लोग आने से खतरा बढ़ सकता है।

उस समय रॉयल जियोग्राफिकल सोसाइटी की टीमें एवरेस्ट पर चढ़ाई के मामले में बेहद सतर्क थीं।

## बिहार चुनाव में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। लेकिन समानता यहीं तक सीमित है।

आप एक जन आंदोलन से पैदा हुई थी, जबकि जन सुराज पार्टी महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर आधारित एक दीर्घकालिक सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रही है। जहाँ, केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद पाने की जल्दी थी, वहीं, प्रशांत किशोर लंबी राजनीतिक यात्रा के लिए तैयार दिखाई देते हैं। केजरीवाल ने भ्रष्ट नेताओं पर प्रहार करते हुये, 'भ्रष्टों की गैलरी' जारी करके भ्रष्ट नेताओं पर निशाना साधा था और अदालती मामलों के बाद उन्हें अपने आरोप वापस लेने पड़े थे। वहीं, प्रशांत किशोर ने भी भाजपा और जदयू नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर एवं सनसनीखेज आरोप लगाए हैं और अपने आरोपों के समर्थन में दस्तावेजी सबूत भी पेश किए हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव की आरजेडी ने भाजपा के खिलाफ आप के समर्थन में अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। लेकिन बिहार में आप ने आरजेडी के लिए वैसा ही सम्मान नहीं दिखाया है। हालांकि इससे न तो आरजेडी और महागठबंधन को कोई खास फर्क पड़ने की सम्भावना है, और न जन सुराज पार्टी को।

## बार-बार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चौधरी ने अदालत को बताया कि कमल सिंह चौधरी नवंबर, 1985 में उच्च शिक्षा में बतौर शिक्षक नियुक्त हुआ था। वहीं, जुलाई, 1992 में उसे इस पद पर नियमित किया गया। इस पर उसने यूजीसी के पे-स्केल के आधार पर वेतन देने के लिए एकलपीठ में याचिका पेश की। जिसे अदालत ने साल 2013 में स्वीकार करते हुए विभाग को प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना कर यूजीसी का पे-स्केल देने को कहा। इस आदेश के खिलाफ दायर विभाग की अपील को भी हाईकोर्ट की खंडपीठ ने जनवरी, 2016 में खारिज कर दिया था।

## जुबीन का चचेरा भाई डीएसपी संदीपन गिरफ्तार

गुवाहाटी, 08 अक्टूबर। सिंगापुर में समुद्र में हुई एक दुर्घटना में असम के प्रतिभाशाली गायक जुबीन गर्ग की दुखद और रहस्यमयी मौत को बुधवार को 20 दिन पूरे हो गए। यह मामला अभी भी रहस्य में डूबा हुआ है। इस बीच बुधवार को असम पुलिस ने मामले में पांचवीं गिरफ्तारी की।

इसके अलावा, असम पुलिस की सीआईडी की विशेष जांच टीम (एसआईटी) सिंगापुर में रहने वाले सात गैर-निवासी असमियों को दूसरी बार नया समन जारी करने वाली है, जो नौका पार्टी के आयोजन में शामिल थे और ज़ुबीन की मौत के दौरान मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को गिरफ्तार किया गया शख्स संदीपन गर्ग है, जो ज़ुबीन गर्ग का चचेरा भाई है और असम पुलिस सेवा (एपीएस) में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद पर कार्यरत है। वह ज़ुबीन की मौत के समय उसके साथ था।

संदीपन गर्ग की गिरफ्तारी के साथ, ज़ुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ मौजूद अब तक कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीआईडी के विशेष पुलिस महानिदेशक और एसआईटी प्रमुख मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने मीडिया को बताया, कि संदीपन को अदालत में पेश किया और आगे की पूछताछ के लिए 14 दिनों की पुलिस हिरासत मांगी। लेकिन कामरूप सीजेएम कोर्ट ने एसआईटी को संदीपन गर्ग के लिए 14 दिनों के बजाय सात दिनों की पुलिस रिमांड दी।"

## कांग्रेस ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अयोग्य करार दिया गया और पिछले दिनों उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी थी। भाया गत विधानसभा चुनाव में मीणा से चुनाव हार गये थे। अब उपचुनाव में उन्हें फिर मौका दिया गया हैं।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्सः01562-256908